प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 04.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. **पश्चिम एशिया हालात के बीच देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य, पीएनजी मंत्रालय ने अफवाहों से बचने और घबराकर ईंधन नहीं खरीदने की अपील की।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विधायक सरयू राय का प्रस्ताव, कांग्रेस और भाजपा से अलग होकर बनाएं सरकार, बिना शर्त देंगे समर्थन।**
3. **सीबीएसई ने की शैक्षणिक सत्र 2026–27 से नया पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा , तीन–भाषा फॉर्मूला होगा लागू, तीन में से दो भाषाएं भारतीय होना अनिवार्य।**
4. **राज्य के कई जिलों में आज से तीन दिनों तक बारिश का यलो अलर्ट, मौसम विभाग ने तेज हवा और वज्रपात की दी चेतावनी।**
5. **खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, 35 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर, तीरंदाजी में ओवरऑल चैंपियन।**

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों के बीच भारत में ईंधन आपूर्ति को लेकर स्थिति सामान्य बनी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने नागरिकों से अफवाहों से बचने और घबराकर ईंधन की खरीदारी न करने की अपील की है। पीएनजी मंत्रालय के सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक कर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्यों को एलपीजी वितरण को प्राथमिकता देने और जमाखोरी पर नजर रखने को कहा गया है।

****

धनबाद में भू–धसान प्रभावितों से मिलने पहुंचे जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू रॉय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा राजनीतिक प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस और भाजपा से अलग होकर नई सरकार बनाएं, वे बिना शर्त समर्थन देने को तैयार हैं।

****

नई दिल्ली में सीबीएसई ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 से नया पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा की है। नई व्यवस्था में तीन–भाषा फॉर्मूला लागू होगा, जिसमें तीन में से दो भाषाएं भारतीय होना अनिवार्य होगा। छठी कक्षा से तीसरी भाषा पढ़ाई जाएगी। नौवीं से मैथ्स और साइंस के लिए दो–स्तरीय प्रणाली लागू होगी। सामान्य 80 अंकों का पेपर अनिवार्य होगा, जबकि इच्छुक छात्र 25 अंकों का अतिरिक्त एडवांस पेपर दे सकेंगे। साथ ही, 9वीं और 10वीं में एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग को अनिवार्य विषय बनाया जाएगा।

****

पलामू इलाके के साधारण महुआ को अब ब्रांड बनाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसे अब नेशनल और इंटरनेशन स्तर तक बेचा जाएगा। शुरुआती चरण में 200 महुआ पेड़ों को अपनाया गया है और पलामू के बढ़निया गांव को नोडल केंद्र बनाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें ट्रेनिंग दी जा रही है।

****

फर्जी एफआईआर मामले में पेयजल एवं जल स्वच्छता विभाग के अवर सचिव कुमुद झा, इंस्पेक्टर रामदयाल मुंडा, इंस्पेक्टर अकील अहमद और सेवानिवृत्त डीएसपी अखिलेश सिंह ने हजारीबाग कोर्ट में सरेंडर कर दिया,

जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट विवेक कुमार की अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद सभी के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी किया था।

****

रांची में आज विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोकर सबडिवीजन में सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े चार बजे तक आरएमसीएच, मोरहाबादी, बड़गाईं सहित कई इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। ओरमांझी सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली बाधित रहेगी, जबकि डोरंडा सबस्टेशन के विभिन्न फीडरों में अलग–अलग समय पर दोपहर तक आपूर्ति बंद रहेगी। इसके अलावा हेसल सबस्टेशन क्षेत्र में भी सुबह साढ़े दस बजे से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

****

मौसम विभाग ने आज से 6 अप्रैल तक राज्य के कई इलाकों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। आज पलामू, रांची, बोकारो, धनबाद समेत कई जिलों में गरज के साथ बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है। 5 और 6 अप्रैल को हवा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है।

****

छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 35 पदक जीते और पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं तीरंदाजी में तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य के साथ झारखंड ओवरऑल चौंपियन बना। एथलेटिक्स में 9 स्वर्ण सहित कुल 17 पदक मिले, जबकि कुश्ती में 4 स्वर्ण जीते गए। हॉकी, फुटबॉल, भारोत्तोलन और तैराकी में भी खिलाड़ियों ने योगदान दिया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

****

इधर चाईबासा के सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड में 8वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सीनियर रग्बी चैम्पियनशिप का आज शुभारंभ होगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 250 खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन स्टेट कैंप के लिए किया जाएगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने गुड फ्राइडे और इरान–अमेरिका युद्ध की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा – ईरान ने अमेरिका का एफ–पंद्रह लड़ाकू विमान फिर मार गिराया।

दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण की सुर्खी है– आर्च बिशप ने क्रूस ढोकर त्याग और बलिदान का दिया संदेश।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चुनाव के बाद भी पश्चिम बंगाल में तैनात रहेंगे केंद्रीय बल।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने इरान अमेरिका युद्ध की खबर को पहले पन्ने की लीड बनाई है।

****